

हिंदी दैनिक खबर

# केशववाणी

हर पल, हमारी खबर

शनिवार 06 जून 2026 बर्ष 02 अंक 147 पृष्ठ 4

www.keshavtv24.com

Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

जो रुक गया वो हार गया, जो चल पड़ा वो जीत गया,मंज़िल उसी की होती है जिसने खुद पर विश्वास किया।
मंज़िल मिलेगी ज़रूर, बस कदम बढ़ाते रहना

## विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री ने किया एक लाख पौधारोपण अभियान का शुभारंभ

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वृक्षारोपण कर जेपी गंगा पथ समग्र उद्यान परियोजना के अंतर्गत एक लाख पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम पर कम–से–कम एक पौधा अवश्य लगाए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि समाज के सभी वर्ग मिलकर अधिक–से–अधिक वृक्ष लगाएं और उनकी देखभाल करें, तभी पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जनभ.।गीदारी के बिना पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन से ही जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकता है।



मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बिहार सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा प्रत्येक घर तक सोलर आधारित विद्युत उत्पादन प्रणाली पहुंचाने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और अभियानों की भी जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के इस जन अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## आकाशीय बिजली गिरने से गर्भवती भैंस की मौत, पशुपालक को ₹75 हजार का नुकसान

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर रेलवे स्टेशन के समीप शुक्रवार को आकाशीय बिजली (ठनका) गिरने से एक गर्भवती भैंस की मौत हो गई। घटना के बाद पशुपालक परिवार में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार इस्लामपुर नगर के बुढ़ानगर मो. हल्ला निवासी मालो देवी की गर्भवती भैंस रेलवे स्टेशन से सटे खेत में चर रही थी। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और बारिश शुरू हो गई। बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।पशुपालक मालो देवी ने बताया कि मृत भैंस की कीमत करीब 75 हजार रुपये थी। भैंस की मौत से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। घटना पर वार्ड पार्षद कृष्ण यादव ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए राज्य सरकार और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से पीड़ित पशुपालक महिला को शीघ्र उचित मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण हुए इस नुकसान की भरपाई के लिए सरकार को तत्काल सहायता उपलब्ध करानी चाहिए।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा का व्यापक वृक्षारोपण अभियान, 1200 से अधिक बूथों पर लगाए गए पौधे



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नालंदा जिले में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले के 1200 से अधिक बूथों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भाजपा नालंदा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि जिला कार्यालय सहित सभी मंडलों में पार्टी कार्यकर्ताओं ने फलदार एवं छायादार वृक्षों का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ष्एक पेड़ मां के नामष अभियान की शुरुआत की थी, जिसे देशवासियों ने जन आंदोलन का रूप दे दिया। इसके परिणामस्वरूप देशभर में करोड़ों पौधे लगाए गए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट और भीषण गर्मी से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपने घरों, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य उपयुक्त स्थानों पर पीपल, वटवृक्ष, नीम तथा अन्य फलदार और छायादार वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि तापमान में भी कमी आएगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित होगा।बिहारशरीफ नगर उत्तरी मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार के नेतृत्व में बबुरबन्ना मोहल्ला स्थित बूथ संख्या–156 पर विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार, जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी अमरेश कुमार, आईटी सेल संयोजक अमित शान, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा नगर अध्यक्ष राजकमल पासवान, नमो ऐप के जिला सह–संयोजक रविशंकर कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता तथा विकास कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी प्रकार बिहारशरीफ नगर मध्य मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार, नगर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष अविनाश कुमार तथा नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष शशिकला सिन्हा के नेतृत्व में भी विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, डॉ. आशुतोष कुमार, शिवशंकर दास, साबो देवी, जिला मंत्री अमरेश कुमार, रंजू कुमारी, राजू माहुरी, योगेंद्र मंडल, प्रोटोकॉल प्रभारी अमित गौरव, आईटी सेल संयोजक अमित शान सहित सभी मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। भाजपा नेताओं ने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प दोहराया।

## नीट–2026 की तैयारियों की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा
## परीक्षार्थियों को सरकारी बसों में मिलेगी निःशुल्क यात्रा सुविधा

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)–2026 की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नीट–2026 के आयोजन में निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि राज्य के सभी परीक्षा केंद्रों पर स्वच्छ, पारदर्शी, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराई जाए तथा इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं। मुख्यमंत्री ने परीक्षार्थियों की सुविधा को प्राथ. मिकता देते हुए निर्देश दिया कि नीट–2026 में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए बिहार राज्य की सभी सरकारी बसों में निःशुल्क आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।



उन्होंने सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने को कहा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि अभ्यर्थियों और उनके अभिभ.।ावकों की सुविधा के लिए यातायात प्रबंधन, मार्गदर्शन एवं सूचना तंत्र को प्रभावी बनाया जाए। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की सभी आवश्यकताओं एवं सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने पर भी जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नीट–2026 के निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित आयोजन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।





अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

# पांच दिवसीय क्रियात्मक अनुसंधान कार्यशाला का समापन, 233 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बाढ़।** प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय सह अध्यापक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, बाढ़ में नालंदा जिले के 233 शिक्षकों के लिए आयोजित पांच दिवसीय क्रियात्मक अनुसंधान कार्यशाला का समापन हो गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), महेंद्रू, पटना के निर्देशानुसार राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे नालंदा जिले के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने बताया कि सीटीई बाढ़ की प्रभारी प्राचार्या निशा यादव के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित यह प्रशिक्षण अत्यंत सफल रहा। प्रशिक्षुओं के अनुसार उमस भरी गर्मी और सीमित संसाधनों के बावजूद प्राचार्या ने व्यक्तिगत रूप से प्रशिक्षण की व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा। प्रशिक्षकों की कमी के बावजूद उन्होंने मॉनिटरिंग के साथ–साथ कई वर्गों का संचालन भी किया। शिक्षकों ने बताया कि दिव्यांग प्रशिक्षुओं की विशेष जरूरतों का भी पूरा ध्यान रखा गया। भोजन, आवास और अन्य सुविधाओं से लेकर अंतिम दिन प्रमाण–पत्र वितरण तक की व्यवस्था में प्राचार्या स्वयं सक्रिय रहीं। उन्होंने सभागार के बाहर आकर भी प्रशिक्षुओं को प्रमाण–पत्र प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षक अजय कुमार, ओंकार देव आर्य, चंद्रदेव मंडल, प्रेम दिवाकर, सुनील कुमार, नरेंद्र कुमार, शाहजहां, टुनटुन कुमार, राकेश रंजन, सरिता कुमारी, स्मिता रानी, रेखा कुमारी, सीमा कुमारी, रविंद्र प्रसाद, मुकेश कुमार पांडेय, वीरेंद्र पासवान, विद्यानंद, जितेंद्र कुमार, अरुणकांत कुमार, रजनी रंजन, श्रवण कुमार, विपिन कुमार और कपिल कुमार सहित अन्य प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण व्यवस्था, साफ–सफाई, चेतना सत्र और समयबद्ध वर्ग संचालन की सराहना की।





आरजीएल उच्च विद्यालय, छबीलापुर (बिहारशरीफ) के शिक्षक अजय कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान क्रियात्मक अनुसंधान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अनुसंधान पद्धति, डेटा संग्रह के उपकरणों के निर्माण तथा प्रतिदिन फीडबैक की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षक स्मिता सिन्हा, कुश कुमार, डॉ. मृत्युंजय कुमार, राहुल, विकास तथा योग शिक्षक ओमपाल की भूमिका भी सराहनीय रही।प्रतिभागियों ने बताया कि प्रतिदिन आयोजित चेतना सत्र और प्राचार्या निशा यादव के प्रेरणादायी प्रसंगों ने प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाया। प्रमाण–पत्र वितरण के साथ कार्यशाला का समापन उत्साहपूर्ण और खुशनुमा माहौल में संपन्न हुआ।




# विश्व साइकिल दिवस पर नालंदा में निकलेगी साइकिल रैली, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का दिया जाएगा संदेश

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर रविवार को नालंदा में साइकिल रैली एवं विभिन्न फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 6 बजे आरबी+2 हाई स्कूल परिसर से शुरू होगा। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन नालंदा, फिट इंडिया मूवमेंट एवं खेलो इंडिया के तत्वावधान में खेलो इंडिया सेंटर रग्बी नालंदा द्वारा किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य लोगों में फिटनेस, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।साइकिल रैली में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, विद्यार्थियों तथा स्थानीय नागरिकों की भागीदारी रहेगी। आयोजकों ने बताया कि साइकिलिंग न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और ईंधन की बचत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी संदेश को जन–जन तक पहुंचाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने सभी खेल प्रेमियों, युवाओं एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। उनका कहना है कि सामूहिक सहभागिता से ही फिट और स्वस्थ भारत के निर्माण के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है।

# मीना बाजार में बेखौफ बदमाशों का तांडव, दो दिनों में एक ही परिवार से अस्सी हजार की लूट, व्यापारियों में दहशत

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मीना बाजार में अपराधियों के बढ़ते आतंक से कानून–व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लगातार दो दिनों के भीतर एक ही परिवार को निशाना बनाते हुए हथियारबंद अपराधियों ने अस्सी हजार रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया। ताजा घटना शुक्रवार की शाम जय मां लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक एंड ऑनलाइन सेंटर में हुई, जहां 10 से 12 की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने हथियार के बल पर करीब चालीस हजार रुपये लूट लिया। घटना के बाद पूरे बाजार एवं आस पास के क्षेत्रों में भय और आक्रोश का माहौल है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार की शाम अचानक कई बाइक पर सवार अपराधियों ने जय मां लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक एंड ऑनलाइन सेंटर में घुस गया। सभी अपराधियों के हाथों में हथियार थे। दुकान संचालक बंटी कुमार ने बताया कि बदमाशों ने आते ही हथियार तान दिया और जान मारने की धमकी देने लगे। भय के माहौल में अपराधियों ने दुकान के काउंटर में रखे करीब चालीस हजार रुपये लूट लिया और फरार हो गया। भुक्तभोगी दुकानदार ने बताया कि घटना कुछ ही मिनटों में घटित हो गई। बदमाश इतने संगठित तरीके से आए थे कि किसी को संभालने या विरोध करने का मौका तक नहीं दिया। घटना के बाद आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग मौके पर जुट गए तथा पुलिस को सूचना दी गई।मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया जब लोगों को पता चला कि इससे महज एक दिन पहले गुरुवार की रात में भी बंटी कुमार के भाई आनंद राज से हथियारबंद अपराधियों ने करीब चालीस हजार रुपये लूट लिए थे। लगातार दूसरे दिन एक ही परिवार को निशाना बनाए जाने से क्षेत्र में तरह–तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। लोग इसे सुनियोजित वारदात मान रहे हैं।घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में भारी नाराजगी है। व्यवसायियों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ रहा है। शाम होते ही लोगों में असुरक्षा की भावना घर कर जाती है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से बाजार और आसपास के क्षेत्रों में नियमित गश्ती बढ़ाने तथा अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।




# नाले की निकासी बाधित होने से लोगों में आक्रोश, घरों में घुस रहा पानी



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर नगर परिषद के वार्ड संख्या–6 स्थित मलिकसराय मोहल्ले में नाले के पानी की निकासी बाधित होने से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि कुछ दबंग लोगों ने पानी निकासी के रास्ते में जबरन मिट्टी भरकर उसे अवरुद्ध कर दिया है, जिसके कारण मोहल्ले के निचले हिस्सों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है और कई घरों में पानी घुसने लगा है। स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड संख्या–6 के सैकड़ों घरों का पानी वर्षों से बुद्धू गबड़ा में गिरता रहा है। लेकिन हाल के दिनों में कुछ लोगों ने सड़क किनारे स्थित गैरमजरुआ जमीन को अपनी जमीन में मिलाने के उद्देश्य से वहां मिट्टी भरवा दी, जिससे नाले का प्राकृतिक जल निकास पूरी तरह बाधित हो गया। इस समस्या को लेकर वार्ड पार्षद सान्या गुप्ता, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दीपू कुमार, अनिकेत कुमार, सूरजमणि सहित दर्जनों लोगों ने इस्लामपुर नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी पूजा माला को आवेदन देकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। हालांकि आवेदन दिए जाने के कई दिन बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो जनाक्रोश फूट सकता है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद प्रशासन से अविलंब हस्तक्षेप कर अवरुद्ध नाले को मुक्त कराने और जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है।

# हरनौत प्रखंड कार्यालय में स्थित ई– किसान भवन में खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड कार्यालय स्थित ई किसान भवन में शुक्रवार को खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी बृज किशोर चरण के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रचलित कर किया गया। कृषि पदाधिकारी ब्रजकिशोर चरण ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार के द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने और कृषि लागत को घटाने के लिए 1 जून से 30 जून 2026 तक एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को रासायनिक उर्वरकों का संतु. लित उपयोग, प्राकृतिक खेती और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के लिए जागरूक करना है। कृषि विज्ञान केंद्र से आए हुए वैज्ञानिकों ने कहा कि प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपने से उत्पादन लागत कम हो सकती है।




मिट्टी की उर्वरता में सुधार हो सकता है और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान मिल सकता है। उन्होंने किसानों को खाद हरि खाद्य और अन्य जैविक संसाधनों का अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही। इस मौके पर उमेश नारायण, विद्या शंकर सिन्हा, उदय प्रकाश नारायण, चंद्रदेव प्रसाद, मंगलम आर्य एवं रंजन कुमार समेत सभी किसान सलाहकार मौजूद थे।

# चेरन गांव में विवाहिता की संग्धित अवस्था में हुई मौत, पति का भाभी से था अवैध संबंध, विरोध करने पर जहर पिलाकर घटना को दिया अंजाम

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत थाना क्षेत्र के चेरन गांव में शुक्रवार को संग्धित हालत में नव विवा. हता की मौत हो गई है। परिजनों के द्वारा ससुराल पक्ष पर मारपीट गला दबाने और जहर पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका विवाहिता की पहचान चेरन गांव के निवासी सोनेलाल कुमार की 19 वर्षीय पत्नी रिंकी देवी के तौर पर हुई है। वही घटना के बाद पति और ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए हैं। हिलसा थाना क्षेत्र के केशोपुर गांव निवासी मृतक के दादा जयकांत राम ने आरोप लगाते हुए बताया कि रिंकी देवी की शादी 27 फरवरी 2025 को सोनेलाल के साथ हुई थी। सोनेलाल कुमार पटना के एक कोर्ट फैक्ट्री में काम करता है उसका अपनी ही भाभी के साथ अवैध संबंध था। शादी के एक–दो महीने के बाद ही रिंकी देवी को अवैध संबंध कि बात की भनक लग गई थी वहीं विरोध करने पर उसके साथ मारपीट अक्सर की जाती थी। वही बहनोई वीरेंद्र कुमार ने बताया कि बीती रात्रि को ससुराल वालों ने फोन करके बताया कि रिंकू देवी ने जहर खा ली है। आनन फानन में चेरन गांव पहुंचा तो देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी। गले पर दबाने और शरीर पर



चोट का स्पष्ट निशान दिखाई दे रहा था। पति ननद, भैसुर और उसकी पत्नी ने मिलकर पहले रिंकू देवी के ब्राह्मी से पिटाई की उसका गला दबाया फिर जबरदस्ती जहर पिलाकर उसकी हत्या कर दी। वही घटना की सूचना मिलने पर हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। थाना अध्यक्ष ने बताया कि महिला की मौत संग्धित परिस्थितियों में हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए बिहार से मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य जताने के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। ससुराल के लोग फिलहाल फरार हैं मायके वालों की ओर से लिखित आवेदन देने के बाद मामला को दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।




# मलमास मेले में खोया-पाया केंद्र बना श्रद्धालुओं का सहारा, 578 गुमशुदा लोगों को परिजनों से मिलाया गया



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजगीर में 17 मई से 15 जून 2026 तक आयोजित विश्वप्रसिद्ध मलमास मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा संचालित खोया–पाया केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिला पदाधिक. ारी कुंदन कुमार के निर्देश पर मेला थाना क्षेत्र एवं ब्रह्मकुंड परिसर स्थित राजगीर कंट्रोल रूम में खोया–पाया केंद्र का संचालन किया जा रहा है। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार 4 जून 2026 तक मेले में आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा अपने परिवारजनों एवं प्रियजनों की गुमशुदगी से संबंधित कुल 578 मामले दर्ज कराए गए। इनमें 186 बच्चे, 307 महिलाएं और 85 पुरुष शामिल थे। मामलों की सूचना मिलते ही खोया–पाया केंद्र में तैनात कर्मियों एवं अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी 578 गुमशुदा लोगों को उनके पि. रजनों एवं प्रियजनों से सकुशल मिलवा दिया। प्रशासन की इस पहल से श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली है और मेले में सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर लोगों का विश्वास भी मजबूत हुआ है। जिला प्रशासन ने बताया कि राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 में आने वाले श्रद्धालुओं की सहायता एवं सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन 24 घंटे सतत रूप से कार्यरत है। मेले में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर श्रद्धालु कंट्रोल रूम एवं खोया–पाया केंद्र की सहायता ले सकते हैं।

# लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय

## अपीलीय प्राधिकार के रूप में , जिला पदाधिकारी ,नालन्दा द्वारा 14 मामलों की सुनवाई की गई

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में ,श्री कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी ,नालन्दा द्वारा आज 14 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें से कुछ मामलों का निवारण सुनवाई से पूर्व ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा किया गया तथा कुछ मामलों में निवारण हेतु संबंधित लोक प्राधिकार के पदाधिकारियों को आवश्यक आदेश दिए गये। परिवादी विमलेश कुमार द्वारा दर्ज शिकायत हलका कर्मचारी पर कार्रवाई करने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादित किया गया। परिवादी रविन्द्र प्रसाद द्वारा दर्ज शिकायत रास्ता अवरुद्ध करने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादित किया गया। परिवादी सर्वोत्तम कुमार द्वारा दर्ज शिकायत परिवादी के हिस्से का जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर परिमार्जन करने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादित किया गया। परिवादी राजेश सिंह द्वारा दर्ज शिकायत तार पोल बोि. रंग तक पहुंचाने से संबंधित समस्या को जिला. धिकारी महोदय द्वारा निष्पादित किया गया।परिवादी शिवकांत सिंह द्वारा दर्ज शिकायत बिजली का पोल हटाने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन हेतु सुनवाई कि तिथि आगे अग्रसारित किया गया। परिवादी मृत्युंजय कुमार द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण मुक्त कराने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी मनोज कुमार द्वारा दर्ज शिकायत उच्च न्यायालय के आदेश के द्वारा रोक लगाने के बाबजूद जमाबंदी कायम करने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवाद आशुतोष सिंह द्वारा दर्ज शिकायत शैल कुमारी देवी के नाम से जमाबंदी हटाते हुए आशुतोष सिंह के नाम से कायम करने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी घनश्याम यादव द्वारा दर्ज शिकायत आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं करने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी रणजीत कुमार द्वारा दर्ज शिकायत जलश्रोत भूमि को अतिक्रमण कर नगर निगम द्वारा रोड ढलाई करने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन हेतु सुनवाई कि तिथि आगे अग्रसारित किया गया। परिवादी मनीष कुमार द्वारा दर्ज शिकायत सड़क एवं नाली निर्माण से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया । परिवादी रवि शंकर कुमार द्वारा दर्ज शिकायत रैयती भूमि के शांतिपूर्ण कब्जा को बाधित कर विद्युत संचरण के आपत्ति से संबंधित समस्या को जिला. धिकारी महोदय द्वारा निष्पादन हेतु सुनवाई कि तिथि आगे अग्रसारित किया गया । परिवादी अमित कुमार द्वारा दर्ज शिकायत अतिक्रमण करने से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। परिवादी राम नरेश सिंह द्वारा दर्ज शिकायत परिमार्जन से संबंधित समस्या को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निष्पादन किया गया। इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारी गण उपस्थित थे ।



# विश्व पर्यावरण दिवस पर सनबीम सेंट्रल स्कूल में हुआ वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सनबीम सेंट्रल स्कूल, कोसुक के प्रांगण में विशेष पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण की भावना तथा सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करना था। इस अवसर पर विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली एवं प्रदूषण नियंत्रण विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम एवं संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा निर्धारित पर्यावरणीय लक्ष्यों पर केंद्रित रहा। विद्यालय के निदेशक धीरज कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, पर्यावरण प्रेमियों एवं अभिभावकों ने भी भाग लिया। समारोह के अंत में विद्यालय की



ओर से छात्रों को फलदार पौधे वितरित किए गए तथा उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं प्रत्येक वर्ष कम से कम एक फलदार पौधा लगाएंगे और अपने परिजनों तथा आसपास के लोगों को भी वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण से न केवल पर्यावरण संतुलित रहेगा, बल्कि लोगों को ताजे और पौष्टिक फल भी प्राप्त होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक अजीत कुमार, मनोहर कुमार, कौशल कुमार, रोहित राज, आशुतोष भारती, शिवम सिन्हा, जूली कुमारी, सानिया अख्तर, शिवम राज, मदन मोहन प्रसाद, रविशंकर पटेल, नीतीश कुमार, नेहा परवीन, शविना परवीन, आरती कुमारी, सुधीर कुमार एवं मिथलेश कुमार सहित अन्य शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्रों और अभिभावकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# हम सबों को पर्यावरण को बचाने के लिए एक पौधा रोपने की है जरूरत



**केशववाणी राजगीर (नालंदा)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राइमरी स्कूल मानपुर में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम किया गया। हेडमास्टर सूर्यकांत सिंह कांत ने कहा कि हम सबों को कम से कम एक पौधा जरूर रोपना चाहिए। इससे ही हरियाली आयेगी। पर्यावरण शुद्ध होगा। बेहतर ऑक्सीजन मिल सकेगी। इस कार्यक्रम में महेंद्र सिंह, दीपक, अजीत कुमार, शालिनी सहित अन्य ने पौधे लगाये। हेडमास्टर ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सबों का दायित्व है। पेड़ प्रदूषण को कम करने, जलवायु संतुलन बनाए रखने तथा वातावरण को हरा–भरा और स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्रों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। साथ ही सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने की शपथ ली।

# मलमास मेला क्षेत्र में मिला बुजुर्ग का शव

**केशववाणी राजगीर (नालंदा)।** मलमास मेला क्षेत्र में ब्रह्मकुंड निकास मार्ग पांडु पोखर सुधा डेयरी स्टॉल के पास शुक्रवार की सुबह बुजुर्ग का शव बरामद किया गया। पहले तो उनकी पहचान नहीं हो पायी। उनके पास से एक प्लास्टिक का थैला मिला। इसमें नकद रुपये, सिंदूर, पूजा सामाग्री व रोड़ी मिली है। बाद में उनकी पहचान रहुई थाना क्षेत्र के इतासंग गांव निवासी 65 वर्षीय उपेन्द्र गिरी के रूप में की गयी। बरामद सामान को देखकर पुलिस ने आशंका जतायी थी कि वे श्रद्धालुओं को चंदन–टीका लगाने का काम कर रहे थे। हालांकि परिजनों का कहना है कि पांच दिन पहले वे पूजा–पाठ करने के लिए राजगीर गये थे। शुक्रवार की सुबह अस्पताल के एक कर्मी ने उन्हें पहचान लिया और परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। उनकी मौत कैसे हुई कुछ पता नहीं चल सका है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पा. `स्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगा कि उनकी मौत कैसे हुई है।




अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120




